an>

title: Need to construct a service road and reduce the toll fee at Kheda Toll Booth.

श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा) : महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपने क्षेत्र खेड़ा की एक अति महत्वपूर्ण समस्या की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे क्षेत्र खेड़ा में अहमदाबाद और बड़ौदा के बीच पुराने नेशनल हाइवे- आठ को हाल ही में छह लेन में परिवर्तित किया गया है। उसका अन्तर 90 किलोमीटर है। उसके पैरलल ही एक्सप्रेस-वे बनाकर माननीय वाजपेयी गवर्नमेंट ने गुजरात को यह पहला गिफ्ट दिया था। उसका अन्तर भी 90 किलोमीटर है। अभी जो नया रोड़ छह लेन का अपग्रेड किया है, उसके ऊपर दो टोल बूथ लगाए हैं, जिसके कारण उसका जो टोल टैक्स का अमाउन्ट है, वह डबल हो गया है। इसके कारण लोगों का बहुत हैरेस्मेंट हो रहा है। इसका अन्तर 90 किलोमीटर है, इतने ही अन्तर में डबल अमाउन्ट हो रहा है। यह लोगों के साथ अन्याय है। इससे यह होता है कि जो ट्रैफिक है, वह पूरा एक्सप्रेस-वे को डायवर्ट हो गया है, जिसके कारण हैवी ट्रैफिक स्नेल हो गया है और लोग भी बहुत परेशान हो रहे हैं। मेरे यहाँ एक प्लेस सन्धाना है, जहाँ टोल बूथ लगा है, वहाँ ऑलरेडी मेरे डिस्ट्रिक में नेशनल हाइवे हेरीटेज मार्ग है, डांडी मार्ग है, जिसका कोई टोल बूथ होना नहीं है, फिर भी वहाँ टोल टैक्स लिया जा रहा है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री से यह विनती है कि आप उसका टोल अमाउन्ट कुछ रैशनलाइज किया जाए और कम से कम मेरे डिस्ट्रिक को टोल टैक्स से एग्जम्प्ट किया जाए।

HON. CHAIRMAN: Shri Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Devusinh Chauhan.